**राजेश कुमार भा.प्र.से., आयुक्त, पूर्णिया प्रमंडल, पूर्णिया की अध्यक्षता में दिनांक 08.01.2026 (गुरूवार) को 11:30 बजे पूर्वाह्न में प्रमंडलीय सभागार में आयोजित राजस्व (आंतरिक संसाधन/राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग) से संबंधित प्रमंडलीय समन्वय की बैठक की कार्यवाही :-**

उपस्थिति :- पंजी के अनुसार।

सर्वप्रथम प्रमंडलीय आयुक्त द्वारा बैठक में उपस्थित सभी पदाधिकारियों का स्वागत किया गया। तदोपरांत बैठक की कार्यवाही प्रारंभ की गयी। क्रमिक रूप से सभी विभागों एवं पदाधिकारियों की समीक्षा की गयी। विभागवार राजस्व संग्रहण की स्थिति निम्नवत पायी गयी :-

**1. वाणिज्य कर**

(राशि लाख में)

| क्र0 | जिला | कुल वार्षिक लक्ष्य | इस माह तक का लक्ष्य | इस माह तक की उपलब्धि | इस माह तक लक्ष्य के विरूद्ध उपलब्धि का प्रतिशत | वार्षिक लक्ष्य के विरूद्ध उपलब्धि का प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | पूर्णिया | 72000.00 | 49989.00 | 47480.00 | 94.98 | 65.95 |
| 2 | कटिहार | 36000.00 | 26781.00 | 22691.00 | 84.73 | 63.03 |
| 3 | अररिया | 29500.00 | 21168.00 | 18909.00 | 89.33 | 64.10 |
| 4 | किशनगंज | 29000.00 | 19303.00 | 18997.00 | 98.41 | 65.51 |

वार्षिक लक्ष्य के विरूद्ध 31.01.2026 तक कम से कम 85% उपलब्धि प्राप्त करने का निदेश दिया गया। प्रमंडलान्तर्गत जिलों में वाणिज्यकर से राजस्व संग्रहण की स्थिति असंतोषप्रद पायी गयी। निदेश दिया गया कि रिटर्न फाईल न करने वाले निबंधित संस्थानों को नोटिस निर्गत किया जाय। रिटर्न फाईल न करने वाले निबंधित संस्थानों की सूची अलग से तैयार कर लगातार उनका अनुश्रवण करें। सभी बड़े कोचिंग संस्थानों, मैरेज हॉल, निजी अस्पताल एवं अन्य सेवा क्षेत्र से संबंधित संस्थानों को निबंधित करते हुए उनसे कर वसूली सुनिश्चित किया जाय। इसके अलावा, बड़े बकायेदारों के विरूद्ध कार्रवाई करने का निदेश दिया गया।

**क. नीलाम पत्रवाद (वाणिज्य कर)**

| क्र0 | जिला | अद्यतन लंबित नीलाम पत्रवाद | सन्निहित राशि | 01.01.2025 से अबतक निष्पादित नीलाम पत्रवाद | वसूली |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पूर्णिया | 12 | 39.47 | Nil | Nil |
| 2 | कटिहार | 47 | 37 | 14 | 31.88 |
| 3 | अररिया | Nil | Nil | Nil | Nil |
| 4 | किशनगंज | 45 | 84.56 | Nil | Nil |

कटिहार को छोड़कर अन्य सभी जिलों में नीलाम पत्रवाद की वसूली शून्य पाई गई जो अत्यंत चिंताजनक है, इसमें अविलंब सुधार लाने का निदेश दिया गया।

**2. परिवहन**

(राशि लाख में)

| क्र0 | जिला/कार्यालय | कुल वार्षिक लक्ष्य | इस माह तक का लक्ष्य | इस माह तक की उपलब्धि | इस माह तक लक्ष्य के विरूद्ध उपलब्धि का प्रतिशत | वार्षिक लक्ष्य के विरूद्ध उपलब्धि का प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | पूर्णिया | 16160.00 | 11832.00 | 14488.88 | 122.45 | 89.65 |
| 2 | कटिहार | 6700.00 | 4822.00 | 7272.00 | 150.81 | 108.54 |
| 3 | अररिया | 6790.00 | 5028.00 | 5807.21 | 115.49 | 85.52 |
| 4 | किशनगंज | 5340.00 | 3842.00 | 3913.36 | 101.85 | 73.28 |
| 5 | क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकार | 300.00 | 250.00 | 125.83 | 50.33 | 41.94 |
| 6 | दालकोला चेकपोस्ट | 2700.00 | 1577.00 | 813.62 | 51.59 | 30.13 |

वार्षिक लक्ष्य के विरूद्ध 31.01.2026 तक कम से कम 85% उपलब्धि प्राप्त करने का निदेश दिया गया।

परिवहन विभाग की समीक्षा के क्रम में यह पाया गया कि दालकोला चेकपोस्ट की प्रगति काफी खराब है। इस संबंध में सहायक परिवहन पदाधिकारी, किशनगंज द्वारा बताया गया कि किशनगंज से आने वाली गाड़ियों

अररिया-गलगलिया मार्ग होते हुए जाने के कारण राजस्व में कमी आई है। उनके द्वारा बताया गया कि अररिया-गलगलिया मार्ग पर समेकित चेकपोस्ट की स्थापना से राजस्व में वृद्धि होगी। इस कार्य हेतु समाहर्त्ता किशनगंज को निदेश दिया जाता है कि इस संबंध में प्रस्ताव तैयार कर विभाग को भेजा जाय।

यह भी निदेशित किया गया कि परिवहन के बकाये राशि की वसूली से संबंधित जितने भी नीलाम पत्र वाद दायर हैं, उनका ससमय निष्पादन सुनिश्चित किया जाय। बड़े बकायेदार के विरूद्ध हर माह में प्रत्येक थानास्तर से कम से कम 10 वारंट जारी कर निष्पादित किया जाय, ताकि विभागीय राजस्व संग्रह में वृद्धि हो सके।

विभागीय पदाधिकारी को माहवार लक्ष्य के विरूद्ध वसूली का निदेश दिया गया।

**3. खनन**

(राशि लाख में)

| क्र0 | जिला | कुल वार्षिक लक्ष्य | इस माह तक का लक्ष्य | इस माह तक की उपलब्धि | इस माह तक लक्ष्य के विरूद्ध उपलब्धि का प्रतिशत | वार्षिक लक्ष्य के विरूद्ध उपलब्धि का प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | पूर्णिया | 3277.15 | 1638.57 | 1328.14 | 81.05 | 40.52 |
| 2 | कटिहार | 5140.39 | 2570.19 | 1954.42 | 76.04 | 38.02 |
| 3 | अररिया | 3503.78 | 1751.89 | 1673.63 | 95.53 | 47.76 |
| 4 | किशनगंज | 4909.22 | 2454.61 | 2547.57 | 103.78 | 51.89 |

वार्षिक लक्ष्य के विरूद्ध 31.01.2026 तक कम से कम 85% उपलब्धि प्राप्त करने का निदेश दिया गया। लंबित सैरात के शीघ्र बन्दोबस्ती किया जाए। विभागीय वसूली किसी भी स्थिति में विगत वर्ष के वसूली/सुरक्षित जमा से 110% से अन्युन्य न हो। कम विभागीय वसूली की स्थिति में संबंधित पदाधिकारी के विरूद्ध कार्रवाई की जाए। जो इनके Service Book/PAR में अंकित किया जाए।

**4. निबंधन**

(राशि लाख में)

| क्र0 | जिला | कुल वार्षिक लक्ष्य | इस माह तक का लक्ष्य | इस माह तक की उपलब्धि | इस माह तक लक्ष्य के विरूद्ध उपलब्धि का प्रतिशत | वार्षिक लक्ष्य के विरूद्ध उपलब्धि का प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | पूर्णिया | 31494.00 | 23831.00 | 17522.59 | 73.53 | 55.64 |
| 2 | कटिहार | 22548.00 | 17023.00 | 13800.00 | 81.07 | 61.20 |
| 3 | अररिया | 18522.00 | 13950.00 | 10462.47 | 75.00 | 56.49 |
| 4 | किशनगंज | 10520.00 | 7549.00 | 6360.20 | 84.25 | 60.46 |

वार्षिक लक्ष्य के विरूद्ध 31.01.2026 तक कम से कम 85% उपलब्धि प्राप्त करने का निदेश दिया गया। सभी जिला पदाधिकारी अगले एक माह में जिला अवर निबंधन कार्यालय का निरीक्षण अवश्य करें। सहायक महानिरीक्षक निबंधन, पूर्णिया प्रमंडल, पूर्णिया को निदेश दिया गया कि अंचलों से प्राप्त Sale deed सत्यापन से संबंधित लंबित मामलों का निष्पादन अविलम्ब किया जाय। ताकि आम जनों को अनावश्यक रूप से असुविधा का सामना न करना पड़े।

**क. नीलाम पत्रवाद (निबंधन विभाग)**

| क्र0 | जिला | अद्यतन लंबित नीलाम पत्रवाद | सन्निहित राशि | 01.01.2025 से अबतक निष्पादित नीलाम पत्रवाद | वसूली |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पूर्णिया | 20 | 52.43 | Nil | Nil |
| 2 | कटिहार | 08 | 9.03 | Nil | Nil |
| 3 | अररिया | 45 | 241.96 | 01 | 1.09 |
| 4 | किशनगंज | 01 | 2.09 | Nil | Nil |

सभी जिलों में नीलाम पत्र वाद की वसूली शून्य पाई गई जो अत्यंत चिंताजनक है, इसमें अविलंब सुधार लाने का निदेश दिया गया। यह भी निदेशित किया गया कि निबंधन के बड़े बकायेदार की सूची बनाकर प्राथमिकता के आधार पर राशि वसूली की कार्रवाई की जाय

**5. भू-लगान**

(राशि लाख में)

| क्र0 | जिला | कुल वार्षिक लक्ष्य | इस माह तक का लक्ष्य | इस माह तक की उपलब्धि | इस माह तक लक्ष्य के विरूद्ध उपलब्धि का प्रतिशत | वार्षिक लक्ष्य के विरूद्ध उपलब्धि का प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | पूर्णिया | 2029.12 | 1521.84 | 1889.14 | 124.14 | 93.10 |
| 2 | कटिहार | 1700.00 | 1020.00 | 1660.65 | 162.80 | 97.68 |
| 3 | अररिया | 1750.00 | 1050.00 | 71.52 | 68.11 | 40.86 |
| 4 | किशनगंज | 1278.66 | 767.19 | 345.36 | 45.01 | 27.00 |

वार्षिक लक्ष्य के विरूद्ध 31.01.2026 तक कम से कम 85% उपलब्धि प्राप्त करने का निदेश दिया गया। भू-लगान वसूली अररिया जिला में 40 प्रतिशत एवं किशनगंज जिला में 27 प्रतिशत है, जो काफी कम है। इस पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है।

संबंधित सभी पदाधिकारियों को निदेश दिया गया कि अभियान बसेरा-2, परिमार्जन प्लस, जमाबंदी के आधार लिंकिंग, सरकारी जमीन के जमाबंदी रद्दीकरण तथा सैरात बंदोबस्ती की नियमित रूप से समीक्षा करेंगे। यह पाया गया है कि अंचल अधिकारी के स्तर से अपने नियमित कार्य में आवश्यक गंभीरता का अभाव है। परिमार्जन प्लस के तहत अस्वीकृत आवेदनों पर कारण सहित आदेश अंकित करेंगे। इसी प्रकार दाखिल खारिज के अस्वीकृत मामलों में भी सकारण आदेश निर्गत करेंगे।

**6. सैरात (राजस्व प्राप्ति)**

(राशि लाख में)

| क्र0 | जिला | कुल वार्षिक लक्ष्य | इस माह तक का लक्ष्य | इस माह तक की उपलब्धि | इस माह तक लक्ष्य के विरूद्ध उपलब्धि का प्रतिशत | वार्षिक लक्ष्य के विरूद्ध उपलब्धि का प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | पूर्णिया | 320.88 | 192.52 | 154.13 | 80.06 | 48.03 |
| | अन्य सैरात (जि0प0) | 196.36 | 117.82 | 137.51 | 116.71 | 70.03 |
| 2 | कटिहार | 284.10 | 284.10 | 209.37 | 73.69 | 73.69 |
| 3 | अररिया | 442.60 | 357.81 | 366.74 | 102.49 | 82.86 |
| 4 | किशनगंज | 321.33 | 321.33 | 299.97 | 93.35 | 93.35 |

वार्षिक लक्ष्य के विरूद्ध 31.01.2026 तक कम से कम 85% उपलब्धि प्राप्त करने का निदेश दिया गया। पूर्णिया जिला में वार्षिक लक्ष्य के विरूद्ध उपलब्धि का प्रतिशत काफी खराब है। समाहर्त्ता, पूर्णिया को निदेश दिया जाता है कि इसकी समीक्षा कर ली जाय।

**क. सैरात**

| क्र0 | जिला | कुल सैरात | बंदोबस्त सैरात | वार्षिक लक्ष्य | वसूली |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पूर्णिया | 15 | 04 | 320.88 | 154.13 |
| | अन्य सैरात (जि0प0) | 24 | 09 | 196.36 | 137.51 |
| 2 | कटिहार | 10 | 06 | 283.72 | 206.30 |
| 3 | अररिया | 454 | 425 | 442.61 | 366.75 |
| 4 | किशनगंज | 07 | 06 | 321.34 | 299.97 |

सभी अपर समाहर्त्ता को निदेशित किया जाता है कि लंबित सैरातों का शीघ्र बन्दोबस्ती सुनिश्चित किया जाए। विभागीय वसूली किसी भी स्थिति में विगत वर्ष के वसूली/सुरक्षित जमा से 110% से अन्युन्य न हो। कम विभागीय वसूली की स्थिति में संबंधित पदाधिकारी के विरूद्ध कार्रवाई की जाए। जो इनके Service Book/PAR में अंकित किया जाए।

पूर्णिया जिला में गुलाबबाग मेला ग्राउंड को स्थायी परता घोषित करने का मामला अबतक लंबित है। इस संबंध में समाहर्त्ता त्रुटि निराकरण कर शीघ्र प्रस्ताव भेजें।

**ख. नीलाम पत्रवाद (सैरात)**

| क्र0 | जिला | अद्यतन लंबित नीलाम पत्रवाद | सन्निहित राशि | 01.01.2025 से अबतक निष्पादित नीलाम पत्रवाद | वसूली |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पूर्णिया | 0 | 0.00 | 0 | 0.00 |
| 2 | कटिहार | 0 | 0.00 | 0 | 0 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 3 | अररिया | 2 | 1.00 | 0 | 0.00 |
| 4 | किशनगंज | 0 | 0.00 | 0 | 0.00 |

पूर्णिया, कटिहार एवं किशनगंज जिला का सैरात से संबंधित नीलाम पत्रवाद का प्रतिवेदन शून्य है। सभी अपर समाहर्त्ता को निदेशित किया जाता है कि सैरात से संबंधित नीलाम पत्र की समीक्षा कर लिया जाय तथा व्यक्तिगत अभिरूची लेते हुए राशि वसूली की कार्रवाई करें।

**7. नगर निगम/परिषद**

(राशि लाख में)

| क्र0 | जिला | कुल वार्षिक लक्ष्य | इस माह तक का लक्ष्य | इस माह तक की उपलब्धि | इस माह तक लक्ष्य के विरूद्ध उपलब्धि का प्रतिशत | वार्षिक लक्ष्य के विरूद्ध उपलब्धि का प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | पूर्णिया | 2663.63 | 1791.87 | 1955.53 | 109.13 | 73.42 |
| 2 | कटिहार | 1521.43 | 0.00 | 707.30 | 0.00 | 46.48 |
| 3 | अररिया | 728.28 | 553.4 | 415.76 | 75.13 | 57.09 |
| 4 | किशनगंज | 807.60 | 605.70 | 487.79 | 80.53 | 60.39 |

वार्षिक लक्ष्य के विरूद्ध 31.01.2026 तक कम से कम 85% उपलब्धि प्राप्त करने का निदेश दिया गया।

**क. सैरात (नगर निगम/परिषद)**

| क्र0 | जिला | कुल सैरात | बंदोबस्त सैरात | वार्षिक लक्ष्य | वसूली |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पूर्णिया | 12 | 12 | 151.72 | 128.04 |
| 2 | कटिहार | 09 | 06 | 233.87 | 221.42 |
| 3 | बनमनखी | 04 | 01 | 112.05 | 34.63 |
| 4 | कसबा | 02 | 02 | 14.60 | 14.74 |
| 5 | अररिया | 07 | 07 | 73.98 | 47.02 |
| 6 | फारबिसंगज | 08 | 06 | 69.51 | 51.12 |
| 7 | जोगबनी | 02 | 02 | 15.60 | 15.60 |
| 8 | किशनगंज | 08 | 08 | 239.28 | 239.28 |

सभी नगर आयुक्त/कार्यपालक पदाधिकारी को निदेशित किया जाता है कि लंबित सैरातों का शीघ्र बन्दोबस्ती सुनिश्चित किया जाए। विभागीय वसूली किसी भी स्थिति में विगत वर्षो के वसूली/सुरक्षित जमा से 110% से अन्युन्य न हो। कम विभागीय वसूली की स्थिति में संबंधित पदाधिकारी के विभागीय कार्रवाई की जाए। कसबा तथा जोगबनी के कार्यपालक पदाधिकारी से स्पष्टीकरण पुछा जाए।

**ख. नीलाम पत्रवाद (नगर निगम/परिषद)**

| क्र0 | जिला | अद्यतन लंबित नीलाम पत्रवाद | सन्निहित राशि | 01.01.2025 से अबतक निष्पादित नीलाम पत्रवाद | वसूली |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पूर्णिया | 0 | 0.00 | 0 | 0.00 |
| 2 | कटिहार | 0 | 0.00 | 0 | 0.00 |
| 3 | बनमनखी | 0 | 0.00 | 0 | 0.00 |
| 4 | कसबा | 0 | 0.00 | 0 | 0.00 |
| 5 | अररिया | 0 | 0.00 | 0 | 0.00 |
| 6 | फारबिसंगज | 0 | 0.00 | 0 | 0.00 |
| 7 | जोगबनी | 0 | 0.00 | 0 | 0.00 |
| 8 | किशनगंज | 8 | 83.43 | 0 | 0.00 |

सभी जिलों में नीलाम पत्रवाद की वसूली शून्य पाई गई जो अत्यंत चिंताजनक है। संबंधित पदाधिकारियों को नीलाम पत्रवाद से संबंधित लंबित मामलों की पुनः समीक्षा कर त्वरित आवश्यक कार्रवाई करते हुए प्रगति लाने का निदेश दिया गया।

**8. माप-तौल**

(राशि लाख में)

| क्र0 | जिला | कुल वार्षिक लक्ष्य | इस माह तक का लक्ष्य | इस माह तक की उपलब्धि | इस माह तक लक्ष्य के विरूद्ध उपलब्धि का प्रतिशत | वार्षिक लक्ष्य के विरूद्ध उपलब्धि का प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | पूर्णिया | 217.56 | 152.27 | 108.53 | 71.27 | 49.88 |
| 2 | कटिहार | 115.06 | 80.54 | 72.38 | 89.86 | 62.90 |
| 3 | अररिया | 134.18 | 93.92 | 79.95 | 85.13 | 59.58 |
| 4 | किशनगंज | 62.12 | 43.50 | 42.39 | 97.44 | 68.24 |

वार्षिक लक्ष्य के विरूद्ध 31.01.2026 तक कम से कम 85% उपलब्धि प्राप्त करने का निदेश दिया गया।

**9. विद्युत**

(राशि लाख में)

| क्र0 | जिला | कुल वार्षिक लक्ष्य | इस माह तक का लक्ष्य | इस माह तक की उपलब्धि | इस माह तक लक्ष्य के विरूद्ध उपलब्धि का प्रतिशत | वार्षिक लक्ष्य के विरूद्ध उपलब्धि का प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | पूर्णिया | 45390.00 | 34042.50 | 25237.80 | 74.14 | 55.60 |
| 2 | कटिहार | 22536.00 | 16902.00 | 12842.77 | 75.98 | 56.98 |
| 3 | अररिया | 17100.00 | 12825.00 | 7774.00 | 60.61 | 45.46 |
| 4 | किशनगंज | 17520.00 | 13140.00 | 13861.39 | 105.49 | 79.11 |

वार्षिक लक्ष्य के विरूद्ध 31.01.2026 तक कम से कम 85% उपलब्धि प्राप्त करने का निदेश दिया गया।

**10. सहकारिता**

(राशि लाख में)

| क्र0 | जिला | कुल वार्षिक लक्ष्य | इस माह तक का लक्ष्य | इस माह तक की उपलब्धि | इस माह तक लक्ष्य के विरूद्ध उपलब्धि का प्रतिशत | वार्षिक लक्ष्य के विरूद्ध उपलब्धि का प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | पूर्णिया | 10:45 | 7.83 | 6.10 | 77.91 | 58.37 |
| 2 | कटिहार | 79.33 | 6.61 | 11.25 | 170.16 | 14.18 |
| 3 | अररिया | 91.17 | 68.38 | 23.21 | 34.06 | 25.55 |
| 4 | किशनगंज | 31.05 | 20.48 | 27.30 | 133.3 | 87.92 |

अररिया जिला की उपलब्धि अत्यंत ही खराब है। जिला सहकारिता पदाधिकारी, अररिया से स्पष्टीकरण पुछा जाए।

**क. नीलाम पत्रवाद (सहकारिता)**

| क्र0 | जिला | अद्यतन लंबित नीलाम पत्रवाद | सन्निहित राशि | 01.01.2025 से अबतक निष्पादित नीलाम पत्रवाद | वसूली |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पूर्णिया | 25 | 59.68 | 3 | 7.13 |
| 2 | कटिहार | 80 | 496.59 | 4 | 134.20 |
| 3 | अररिया | 108 | 397.11 | 0 | 397.11 |
| 4 | किशनगंज | 413 | 425.76 | 37 | 201.88 |

पूर्णिया जिला की वसूली अत्यंत ही खराब है। जिला सहकारिता पदाधिकारी, पूर्णिया से स्पष्टीकरण पुछा जाए।

**11. कृषि**

(राशि लाख में)

| क्र0 | जिला | कुल वार्षिक लक्ष्य | इस माह तक का लक्ष्य | इस माह तक की उपलब्धि | इस माह तक लक्ष्य के विरूद्ध उपलब्धि का प्रतिशत | वार्षिक लक्ष्य के विरूद्ध उपलब्धि का प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | पूर्णिया | राज्य स्तर से लक्ष्य अप्राप्त | 0.00 | 8.537 | 0.00 | 0.00 |
| 2 | कटिहार | 10.00 | 7.50 | 5.17 | 68.93 | 51.70 |
| 3 | अररिया | 10.17 | 0.00 | 8.87 | 0.00 | 87.22 |
| 4 | किशनगंज | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 5.93 | 0.00 |

विभागीय पदाधिकारी को माह-वार लक्ष्य के विरूद्ध वसूली का निदेश दिया गया। जिला कृषि पदाधिकारी, पूर्णिया एवं किशनगंज से स्पष्टीकरण पुछा जाए।

**12. मत्स्य**

(राशि लाख में)

| क्र0 | जिला | कुल वार्षिक लक्ष्य | इस माह तक का लक्ष्य | इस माह तक की उपलब्धि | इस माह तक लक्ष्य के विरूद्ध उपलब्धि का प्रतिशत | वार्षिक लक्ष्य के विरूद्ध उपलब्धि का प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | पूर्णिया | 27.62 | 20.70 | 13.95 | 67.39 | 50.51 |
| 2 | कटिहार | 114.38 | 85.79 | 102.01 | 118.90 | 89.18 |
| 3 | अररिया | 12.52 | 9.39 | 0.05 | 7.33 | 58.57 |
| 4 | किशनगंज | 17.16 | 12.87 | 10.69 | 83.06 | 62.29 |

वार्षिक लक्ष्य के विरूद्ध 31.01.2026 तक कम से कम 85% उपलब्धि प्राप्त करने का निदेश दिया गया।

**क. सैरात (मत्स्य)**

| क्र0 | जिला | कुल सैरात | बंदोबस्त सैरात | वार्षिक लक्ष्य | वसूली |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पूर्णिया | 594 | 594 | 27.62 | 13.95 |
| 2 | कटिहार | 881 | 881 | 114.38 | 102.01 |
| 3 | अररिया | 388 | 388 | 12.52 | 7.284 |
| 4 | किशनगंज | 244 | 228 | 17.16 | 10.694 |

वार्षिक लक्ष्य के विरूद्ध 31.01.2026 तक कम से कम 85% उपलब्धि प्राप्त करने का निदेश दिया गया। कम वसूली के लिए जिला मत्स्य पदाधिकारी, पूर्णिया, अररिया एवं कटिहार से स्पष्टीकरण पुछा जाए।

**ख. नीलाम पत्रवाद (मत्स्य)**

| क्र0 | जिला | अद्यतन लंबित नीलाम पत्रवाद | सन्निहित राशि | 01.01.2025 से अबतक निष्पादित नीलाम पत्रवाद | वसूली |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पूर्णिया | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 2 | कटिहार | 121 | 4.26692 | 6 | 0.42992 |
| 3 | अररिया | 2 | 1.004 | 0 | 0 |
| 4 | किशनगंज | 1 | 4.25949 | 0 | 0 |

नीलाम पत्र वादों में अभिरूची लेने का निदेश विभागीय पदाधिकारी को दिया जाता है।

**13. वन विभाग**

(राशि लाख में)

| क्र0 | जिला | कुल वार्षिक लक्ष्य | इस माह तक का लक्ष्य | इस माह तक की उपलब्धि | इस माह तक लक्ष्य के विरूद्ध उपलब्धि का प्रतिशत | वार्षिक लक्ष्य के विरूद्ध उपलब्धि का प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | पूर्णिया | 140.00 | 105.00 | 98.11 | 93.44 | 70.08 |
| 2 | कटिहार | 50.00 | 37.50 | 63.60 | 169.60 | 127.20 |
| 3 | अररिया | 60.00 | 0.00 | 48.81 | 81.35 | 0.00 |
| 4 | किशनगंज | 70.00 | 52.65 | 48.16 | 91.47 | 68.80 |

वार्षिक लक्ष्य के विरूद्ध 31.01.2026 तक कम से कम 85% उपलब्धि प्राप्त करने का निदेश दिया गया। वन प्रमंडल पदाधिकारी, अररिया से स्पष्टीकरण पुछा जाए।

**14. नीलाम पत्रवाद (मद्य निषेध एवं उत्पाद)**

| क्र0 सं0 | जिला का नाम | नीलाम पत्रवाद न्यायालय का नाम | दायर नीलाम वादों की सं0 | नीलाम पत्र वाद में सन्निहित राशि | अभियुक्ति |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 9 |
| 1 | पूर्णिया | अपर समाहर्त्ता, राजस्व, पूर्णिया | 22 | 203.96 | कुल 12 वादों में रू0 26,15,000.00 (छब्बीस लाख पन्द्रह हजार) की वसूली हुई है। न्यायालय के आदेशानुसार दो वादों में किस्तों में राशि जमा की जा रही है। |

|  |  |  |  |  |  |
|---|---|---|---|---|---|
| 2 | कटिहार | नीलाम पत्र न्यायालय, जिला स्थापना उप समाहर्त्ता, कटिहार | 52 | 230.72 |  |
| 3 | अररिया | अपर समाहर्त्ता-सह-नीलाम पत्र पदाधिकारी, अररिया | 16 | 72.44 | कुल 07 वादों में बकायेदार द्वारा कुल-2557036.00 (पच्चीस लाख सतावन हजार छतीस रू0) की वसूली हुई है। |
| 4 | किशनगंज | जिला आपूर्ति किशनगंज। | शून्य | शून्य |  |

किशनगंज जिला का मद्य निषेध एवं उत्पाद से संबंधित नीलाम पत्रवाद का प्रतिवेदन शून्य है। समाहर्त्ता, किशनगंज को निदेश दिया जाता है कि इसकी समीक्षा कर ली जाय।

## 15. नीलाम पत्रवाद (समेकित)

(राशि लाख में)

| क्र0 | जिला | कुल वार्षिक लक्ष्य | इस माह तक का लक्ष्य | इस माह तक की उपलब्धि | इस माह तक लक्ष्य के विरूद्ध उपलब्धि का प्रतिशत | वार्षिक लक्ष्य के विरूद्ध उपलब्धि का प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | पूर्णिया | 19693.21 | 3061.50 | 904.61 | 29.55 | 4.59 |
| 2 | कटिहार | 22613.54 | 22613.54 | 4088.64 | 18.08 | 18.08 |
| 3 | अररिया | 21492.76 | 12895.65 | 1677.21 | 9.44 | 7.80 |
| 4 | किशनगंज | 12040.75 | 12040.75 | 928.49 | 7.71 | 7.71 |

पूर्णिया जिला में वार्षिक लक्ष्य के विरूद्ध उपलब्धि का प्रतिशत काफी खराब है। उन्हें इसमें अविलंब सुधार लाने का निदेश दिया गया। नीलाम पत्रवाद की प्रमंडल स्तर पर की गई समीक्षा बैठक के बाद सभी बिन्दुओं पर विस्तृत निदेश दिया गया है।

## 16. राजस्व एवं भूमि सुधार विभागः-

इस विभाग के कार्यो की बिन्दुवार समीक्षा की गई। यह पाया गया कि काफी बड़ी संख्या में मामले लंबित हैं। सभी अपर समाहर्त्ता से अपेक्षित है कि नियमित रूप से विभागीय पोर्टल पर जिला एवं अंचल के कार्यो की जानकारी प्राप्त करते हुए कार्यो को Up to date रखें इस संबंध में विभागयी स्तर पर भी हाल के दिनों में सख्त निदेश प्राप्त हुए हैं। कई मामलों में यह पाया गया है कि अंचल अधिकारी द्वारा अनावश्यक रूप से मामले को लॉगिन में लंबित रखा जाता है। तथा काफी मात्रा में शिकायतें विभिन्न स्तरों पर प्राप्त होता है। अतः अपर समहर्त्ता तथा सभी भूमि सुधार उप समाहर्त्ता प्रत्येक सप्ताह लंबित कार्यो की समीक्षा करेंगे। जिसके मुख्य बिन्दु निम्नानुसार हैं -

- Mutation Defect Check Application Status.
- Average Time taken to Dispose Mutation Application.
- Online Mutation.
- Parimarjan Plus (For Digitized Jamabandi).
- Parimarjan Plus (For Left out Jamabandi).
- Emapi.
- Abhiyan Basera – 2
- Govt. Land Verification Report.
- Maha Abhiyan Application Received Status.
- Public Grievance.
- DCLR RCMS : BLDRA.
- DCLR RCMS : Mutation Appeal.
- ADM RCMS : Mutation Revision.
- ADM RCMS : Jamabandi Cancellation.
- Pending Revenue Court Cases.
- भूमी समाधान पोर्टल पर मामलों के संबंध में कार्यवाही की गुणवत्ता।

सरकारी भूमि की पहचान एवं संरक्षण के महत्व को रेखांकित करते हुए निम्न विहित प्रपत्र में सूचना उपलब्ध कराने का निदेश दिया गया-

## सरकारी जमीन पर निजी व्यक्तियों के नाम से जमाबंदी रद्दीकरण की प्रगति।

| क्र0सं0 | जिला का नाम | अंचल का नाम | कुल मामलों की सं0 जिसमें सरकारी जमीन पर निजी व्यक्तियों के नाम से जमाबंदी निर्गत है। | अंचल अधिकारी द्वारा अपर समाहर्त्ता के पास सरकारी जमीन के जमाबंदी रद्दीकरण का कितना प्रस्ताव भेजा गया | अपर समाहर्त्ता के द्वारा सरकारी जमीन के जमाबंदी रद्दीकरण के संबंध में की गयी कर्रवाई | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | निष्पादित | लंबित | विगत दो माह से अधिक समय से लंबित |
| 1 | पूर्णिया | | | | | | |
| 2 | कटिहार | | | | | | |
| 3 | अररिया | | | | | | |
| 4 | किशनगंज | | | | | | |

सभी अपर समाहर्त्ता प्रत्येक सोमवार को विहित प्रपत्र में प्रतिवेदन इस कार्यालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे। अधोहस्ताक्षरी द्वारा समय-समय पर इस मामलों की समीक्षा की जायेगी।

## राजस्व एवं आंतरिक संसाधन के विभागों के विस्तृत समीक्षोपरांत निम्नांकित निदेश दिया जाता है :–

1. वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप माह जनवरी-2026 तक न्यूनतम 85% उपलब्धि सुनिश्चित किया जाए। इस हेतु सभी विभागीय पदाधिकारी पूरी गंभीरता के साथ कार्य करेंगे।
2. विभागीय स्तर से प्राप्त सभी लंबित मामलों का स्वयं समीक्षा/अनुश्रवण कर शीघ्र निस्तारण किया जाए।
3. रिट याचिका में पारित अंतिम आदेशों का समयबद्ध रूप से अनुपालन किया जाए। अवमानना वाद के मामलों में आदेश का अनुपालन करते हुए पत्र प्राप्ति के एक माह के अन्दर कारण पृच्छा दायर किया जाए।
4. विभागीय कार्यवाही का समयबद्ध निस्तार किया जाय। 6 माह से अधिक लंबित विभागीय कार्यवाही का प्रतिवेदन अधोहस्ताक्षरी के समक्ष उपस्थापित किया जाए।
5. सामान्य प्रशासन विभाग, विधान सभा, विधान परिषद आदि से प्राप्त पत्रों का शीघ्र अनुपालन किया जाए।
6. केन्द्र सरकार एवं राज्य सरकार के मुख्य परियोजनाओं यथा-National Expressway, NH HIGHWAY, रेलवे, मेडिकल कॉलेज, स्टेडियम, पंचायत सरकार भवन आदि के संदर्भ में भू-अर्जन/भूमि उपलब्धता कराने की कार्रवाई को प्राथमिकता के आधार पर किया जाय। निर्माणाधीन महत्वपूर्ण संस्थानों तक सड़क का सुदृढ़ीकरण आवश्यकतानुसार किया जाय। यदि किसी मामले में माननीय उच्च न्यायालय अथवा अन्य किसी स्तर से कोई बंधेज की स्थिति हो तो अलग से अधोहस्ताक्षरी से चर्चा कर समाधान हेतु त्वरित कार्रवाई की जाय।
7. राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के दिशा निदेशों के अनुसार सैरातों के सुरक्षित जमा निर्धारण/सैरात की बंदोबस्ती की स्वीकृति से संबंधित सभी प्रस्ताव एवं अभिलेख चालू वित्तीय वर्ष में ससमय उपलब्ध कराया जाए। ताकि नियमानुसार यथा समय स्वीकृति की कार्रवाई की जा सके।
8. शराब बंदी कानून के तहत जप्त वाहनों की नीलामी में काफी विलंब हो रहा है जिस कारण वाहन खराब होने की संभावना रहती है। अतः संगत नियमानुसार त्वरित कार्रवाई की जाय। जप्त शराब की विनिष्टीकरण समयबद्ध रूप से की जाय। शराबबंदी कानून के तहत दर्ज वादों में सही अनुसंधान एवं मान्य साक्ष्यों के साथ समुचित रूप से चार्ज शीट न्यायालय में दाखिल किया जाए। ताकि त्वरित रूप से अनुवर्ती कानूनी कार्रवाई हो सके।
9. भू-अर्जन की कार्रवाई में जिला भू-अर्जन कार्यालय में विलंब किया जाता है। जिला पदाधिकारी इस पर ध्यान देंगे। साथ ही अभिलेखागार कार्यालय में भी आम जनता को काफी परेशानी होती है। इस पर भी विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है।
10. जिला भू-अर्जन पदाधिकारी परियोजना-वार पंचाट निर्गत होने के बाद रैयतों का भुगतान के संबंध में सभी आवश्यक कार्रवाई करना सुनिश्चित करेंगे।
11. राजस्व महाअभियान में आये आवेदनों को पोर्टल पर अपलोड करना सुनिश्चित किया जाय एवं क्रमिक रूप से इसका निस्तार किया जाय।

12. सरकारी जमीन की विवरणी पोर्टल पर अपलोड करने की कार्रवाई प्रक्रियाधीन है। जिन मामलों में सरकारी जमीन की जमाबंदी किसी निजी रैयतों के नाम करा ली गयी है, ऐसे मामलों में अंचल अधिकारी प्रस्ताव बनाकर अपर समाहर्त्ता को भेजेंगे। अपर समाहर्त्त एक माह के अंदर जमाबंदी रद्दीकरण की कार्रवाई करना सुनिश्चित करेंगे।

13. नीलाम पत्रवाद के संबंध में वर्ष 2005 से पूर्व के मामलों का निष्पादन एक माह के अंदर त्वरित रूप से किया जाय। एक करोड़ से अधिक राशि के मामलों को प्राथमिकता के आधार पर निरस्तार किया जाय।

14. प्रमंडल अंतर्गत बंदोबस्ती कार्यो की समीक्षा में पाया गया कि बंदोबस्ती कार्यालय को अंचल के स्तर से सभी सरकारी जमीन तथा विभिन्न बंदोबस्ती पर्चा की विवरणी उपलब्ध नहीं रहने के कारण खतियान तैयार करने में कठिनाई हो रही है। सभी भूमि सुधार उप समाहर्त्ता को 15 दिनों के अंदर उपरोक्त सभी विवरणी संबंधित बंदोबस्ती कार्यालय को उपलब्ध कराने का निदेश दिया जाता है। इसी प्रकार सभी विवरणी कार्यालय से भी अपेक्षित है कि अपने कार्यालय भवन एवं परिसंपत्ति की विवरणी संबंधित बंदोबस्त कार्यालय को उपलब्ध करा दी जाय।

15. विभिन्न जिला निबंधन कार्यालय में अंचल से भेजे गये Sale deed सत्यापन की समीक्षा की गयी। इस संबंध में कई मामले अंचल कार्यालय में लंबित है। सभी जिला अवर निबंधक को निदेश दिया जाता है कि अधिकतम दो सप्ताह के अंदर Sale deed का सत्यापन करते हुए संबंधी अंचल कार्यालय को भेजना सुनिश्चित करें।

16. सभी भूमि सुधार उप समाहर्त्ता को निदेश दिया जाता है कि हर माह अपने अधीनस्थ अंचल कार्यालय का निरीक्षण करेंगे। जिस जिले में भू-सुधार जन कल्याण कार्यक्रम हुए है वहाँ आये परिवाद के आधार पर अंचल कार्यालय का निरीक्षण करेंगे।

17. मत्स्य विभाग की समीक्षा में यह पाया गया कि किशनगंज जिलान्तर्गत दिघलबैंक मत्स्यजीवी सहयोग समिति विगत दो वर्षो से अवक्रमित है। वहाँ शीघ्र चुनाव कराने का निदेश दिया गया।

18. एम0जे0सी0 में रिट याचिका के Compliance करने के बाद ही प्रतिशपथ-पत्र दायर किया जाय।

अंत में धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक की कार्यवाही समाप्त की गई।

आयुक्त
पूर्णिया प्रमंडल, पूर्णिया।

ज्ञापांक 192 पूर्णिया, दिनांक 10.01.2026

प्रतिलिपि :- निरीक्षक, माप एवं तौल, पूर्णिया/ कटिहार/ अररिया/ किशनगंज को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि :- जिला सहकारिता पदाधिकारी, पूर्णिया/ कटिहार/ अररिया/ किशनगंज को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि :- जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, पूर्णिया/ कटिहार/ अररिया/ किशनगंज को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि :- जिला नीलाम पत्र पदाधिकारी, पूर्णिया/ कटिहार/ अररिया/ किशनगंज को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि :- जिला मत्स्य पदाधिकारी, पूर्णिया/ कटिहार/ अररिया/ किशनगंज को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि :- जिला अवर निबंधक, पूर्णिया/ कटिहार/ अररिया/ किशनगंज को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि :- जिला परिवहन पदाधिकारी, पूर्णिया/ कटिहार/ अररिया/ किशनगंज को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि :- उत्पाद अधीक्षक, पूर्णिया/ कटिहार/ अररिया/ किशनगंज को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि :- खनिज विकास पदाधिकारी, पूर्णिया/ कटिहार/ अररिया/ किशनगंज को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि :- संयुक्त आयुक्त(राज्यकर), पूर्णिया/ कटिहार/ अररिया/ किशनगंज को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि :- सहायक महानिरीक्षक निबंधन, पूर्णिया प्रमंडल, पूर्णिया को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि :- अपर आयुक्त (राज्यकर), पूर्णिया प्रमंडल, पूर्णिया को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि :- सहायक निदेशक, खनन, पूर्णिया प्रमंडल, पूर्णिया को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि :- उपायुक्त उत्पाद, पूर्णिया प्रमंडल, पूर्णिया को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि :- संयुक्त आयुक्त-सह-सचिव, क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकार, पूर्णिया को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि :- उप निदेशक, मत्स्य, पूर्णिया प्रमंडल, पूर्णिया को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि :- संयुक्त निबंधक, सहयोग समितियाँ, पूर्णिया प्रमंडल, पूर्णिया को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि :- उप नियंत्रक, माप एवं तौल, पूर्णिया प्रमंडल, पूर्णिया को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि :- सभी अनुमंडल पदाधिकारी/भूमि सुधार उप समाहर्त्ता, पूर्णिया प्रमंडल, पूर्णिया को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि :- अपर समाहर्त्ता, पूर्णिया/ कटिहार/ अररिया/ किशनगंज को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि :- बंदोबस्त पदाधिकारी, पूर्णिया/ कटिहार/अररिया/किशनगंज को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि :- समाहर्त्ता, पूर्णिया/कटिहार/अररिया/किशनगंज को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि :- वन संरक्षक, पूर्णिया अंचल, पूर्णिया को सूचनार्थ प्रेषित।

आयुक्त
पूर्णिया प्रमंडल, पूर्णिया।

ज्ञापांक 192 पूर्णिया, दिनांक 10.01.2026

प्रतिलिपिः- अपर मुख्य सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना को सादर सूचनार्थ प्रेषित।

10/1/26.
आयुक्त
पूर्णिया प्रमंडल, पूर्णिया।

O/C